**MEGA CAMPUS PLACEMENT DRIVE 01st May/2025**

**Himachal Dastak - 2nd May/2025**

epaper.himachaldastak.com

# कैंपस प्लेसमेंट में रामपुर कॉलेज के 200 छात्रों ने लिया हिस्सा



**रामपुर बुशहर।** गोविंद बल्लभपंत महाविद्यालय रामपुर में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल व बीवाक विभाग के संयुक्त सौजन्य से एक मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी इस प्लेसमेंट ड्राइव के मुख्यअतिथि रहे। उपप्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेना चाहिए, जिससे उनकी व्यक्तिगत में बदलाव आता है। करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. राजेश नेगी ने डायरेक्टर एमएल साहनी एवं वरिष्ठ एचआर राजीव नय्यर का स्वागत किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव के द्वारा जो भी विद्यार्थी लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कसन और इंटरव्यू क्लियर करेगा, उन विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के अवसर दिए जाएंगे, जिसमें प्रमुख रूप से रिटेल, हॉस्पिटेलिटी, पर्यटन आईटी, डिजाइनिंग, टेलीकॉलर, अकाउंट्स, ग्राफिक्स, एनीमेशन केबिन क्रू, ब्यूटिशन, बैंक रिलेशन ऑफिसर, हेल्थ केयर, स्टोर एग्जीक्यूटिव आदि प्लेसमेंट क्षेत्र रहेंगे। इस प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय के बीकॉम, बीवाक, बीसीए, बीएससी, बीए, पीजीडीसीए, स्नातकोतर व क्लस्टर के अन्य कॉलेजों के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**Amar Ujala - 02nd May/2025**



पीजी कॉलेज रामपुर में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान मौजूद विद्यार्थी। स्रोत : कॉलेज प्रशासन

# रोजगार मेले में सैकड़ों विद्यार्थियों ने लिया भाग

**रामपुर बुशहर।** राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में कॅरिअर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल, बीवॉक विभाग के संयुक्त सौजन्य से मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

उप प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेना चाहिए। कॅरिअर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. राजेश नेगी ने डायरेक्टर एमएल साहनी एवं हेड एचआर राजीव नायर का स्वागत किया।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में जो विद्यार्थी लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू पास करेगा, उन विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट के अवसर दिए जाएंगे। इसमें प्रमुख रूप से रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, पर्यटन आईटी, डिजाइनिंग टेलीकॉलर, अकाउंट्स, ग्राफिक्स एनीमेशन, केबिन क्रू, ब्यूटिशन, बैंक रिलेशन ऑफिसर, हेल्थ केयर और स्टोर एग्जीक्यूटिव आदि प्लेसमेंट क्षेत्र रहेंगे। प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय के बीकॉम, बीवॉक, बीसीए, बीएससी, बीए, पीजीडीसीए, स्नातकोतर और क्लस्टर के अन्य कॉलेजों के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर निदेशक एमएल साहनी और एचआर राजीव नायर, डॉ. आशा गर्ग, डॉ. अनुराधा कनैन, डॉ. शिवाली ठाकुर, डॉ. ईश्वर नेगी और डॉ. योजना ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

# MEGA CAMPUS PLACEMENT DRIVE 01st May/2025

Hindi &English Breaking News

## राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित, 200 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

newsviewspost 3 hours ago



**रामपुर बुशहर, न्यूज व्यूज पोस्ट** – राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में आज करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल और बी. वॉक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक **मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव** का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें इंटरव्यू स्किल व पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की दिशा में प्रशिक्षित करना था।

**मुख्य अतिथि उप-प्राचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी** ने उद्घाटन अवसर पर कहा

newsviewspost.com

आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें इंटरव्यू स्किल व पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की दिशा में प्रशिक्षित करना था।

**मुख्य अतिथि उप-प्राचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी** ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि ऐसी प्लेसमेंट ड्राइव्स विद्यार्थियों को करियर निर्माण में न केवल सहायता देती हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

**प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. राजेश नेगी** ने डायरेक्टर एम.एल. साहनी और हेड एचआर राजीव नय्यर का स्वागत करते हुए बताया कि यह ड्राइव छात्रों के भविष्य को आकार देने की दिशा में एक अहम कदम है।

डायरेक्टर एम.एल. साहनी और एचआर हेड राजीव नय्यर ने **इंटरव्यू स्किल्स, रिज्यूमे प्रेजेंटेशन, और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट** पर उपयोगी टिप्स साझा किए। इसके बाद **लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू** की प्रक्रिया भी संपन्न हुई।

इस **कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 2025** में **रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, पर्यटन, आईटी, डिजाइनिंग, टेलीकॉलर, अकाउंटिंग, ग्राफिक्स, एनीमेशन, केबिन क्रू, ब्यूटिशियन, बैंक रिलेशन ऑफिसर, हेल्थकेयर और स्टोर एग्जीक्यूटिव** जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए।

इस आयोजन में महाविद्यालय के **बी.कॉम, बी.वॉक, बीसीए, बीएससी, बीए, पीजीडीसीए, स्नातकोत्तर (PG)** कक्षाओं के साथ-साथ क्लस्टर के अन्य कॉलेजों के करीब **200 विद्यार्थियों** ने भाग लिया।


**महाविद्यालय के शिक्षकगण** – डॉ. आशा गर्ग, डॉ. अनुराधा कनैन, डॉ. शिवाली ठाकुर, डॉ. ईश्वर नेगी, डॉ. योजना ठाकुर और बी. वॉक विभाग का स्टाफ भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहा।


newsviewspost.com

**MEGA CAMPUS PLACEMENT DRIVE 01st May/2025**

## Addressing Session/ Workshop




**MEGA CAMPUS PLACEMENT DRIVE** **01st May/2025**

## Addressing Session/ Workshop









**MEGA CAMPUS PLACEMENT DRIVE 01st May/2025**

**Addressing Session/ Workshop**






**MEGA CAMPUS PLACEMENT DRIVE 01st May/2025**

**Written Test, Group Discussion & Interview session**










**MEGA CAMPUS PLACEMENT DRIVE 01st May/2025**

**Interview session**






**MEGA CAMPUS PLACEMENT DRIVE 01st May/2025**

